मोहिनी सूरत

आके अपनी मोहनी सूरत हमें दिखाएगा,
है मुझको विश्वास सावरा आ जाएगा
आ जाओ सांवरिया आ जाओ

जिसने भी तुझे सच्चे मन से जब भी याद किया है
तूने ओ सांवरिया आके दर्शन उसे दिया है
मेरे प्रेम को सांवरिया तू कैसे भूलाएगा
है-----------

छोड़ो सताना आ जाओ अपनों से क्या शर्माना
आना पड़ेगा तुमको यहां नहीं चलेगा कोई बहाना
बावला मन तेरे आने से ही चैन पाएगा
है-----------

रोशनी की उम्मीदों को तू नहीं टूटने देगा,
कुंदन का तुझपे है भरोसा आके खबर तू लेगा
मित्र सुदामा समझके हमको गले लगाएगा
है------------

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14670/title/mohini-surat-hume-dikhayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |